प्रादेशिक समाचार
21.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज रांची के मोरहाबादी मैदान में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, और उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आम लोगों से मतदान करने की अपील की और कहा कि मतदान देश मजबूत होता है।

****

रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली शुरू हो चुकी है। इस रैली में गठबंधन दलों के अधिकतर बड़े नेता मौजूद हैं, जिनमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, राजद नेता तेजस्वी यादव, जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला समेत अन्य नेता शामिल हैं।

****

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की इस वर्ष 16 जून की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–नेट के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए की वेबसाइट पर पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है। पंजीकरण 10 मई तक किया जा सकेगा और शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 12 मई है।

****

साहेबगंज जिले के स्वीप कोषांग ने आज शहर में एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस रैली में विभिन्न स्कूल के बच्चों के साथ बड़ी संख्या में आम लोगों ने भाग लिया। रैली के बाद हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसके माध्यम से आम लोगों के बीच अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की गयी। इधर, दुमका जिले में भी आज सुबह योग सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान दौरान योग प्रशिक्षकों ने नागरिकों और युवाओं को योग सिखाने के साथ–साथ उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया।

****

चतरा जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक करोड़ 40 लाख रुपए मूल्य की अफीम के साथ तस्करी के आरोपी पिता–पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार केशरी ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपियों के पास से 28 किलो 85 ग्राम अफीम और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

****

पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड स्थित जराईकेला थाना क्षेत्र में पुलिस ने नक्सलियों के कई पोस्टर बरामद किए हैं। इन पोस्टरों के जरिए नक्सलियों ने लोकसभा चुनाव के प्रति विरोध जताया है। सिंहभूम संसदीय सीट पर 13 मई को मतदान होना है। पोस्टर मिलने के बाद नक्सलियों की तलाश में अभियान तेज कर दिया गया है।

****

समस्त मानव समाज में अहिंसा परमो धर्म का संदेश देने वाले भगवान महावीर की जयंती को लेकर आज गिरिडीह में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शहर के बड़ा चौक के जैन मंदिर से निकले इस भव्य शोभा यात्रा में काफी संख्या में जैन समाज की महिलाओ पुरुषो और बच्चो ने भाग लिया। शहर भ्रमण के बाद शोभा यात्रा वापस मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ।

****

बोकारो जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

****

गुमला जिले के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला अंडर –16 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज रांची ने गढ़वा को नौ विकेट से पराजित कर दिया । गढ़वा की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.2ओवरों में 81 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी रांची की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ली।

******समाप्त******